सत्यमेव जयते
भारत सरकार

प्रधानमंत्री
आवास योजना–शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)




## “ पक्का आवास बनते ही परिवार में आई खुशियाँ... जीविकोपार्जन हुआ आसान ”

लाभुक का नामः- **राकेश कुमार**
पिताः- **अम्बिका राम**
उम्रः- **39**

लाभुक का आईडीः- **208017840333100056**
पताः- **हुसैनाबाद, वार्ड न- 02**
मोबाईल न.- **9931324989**

व्यवसायः- **राजमिस्त्री**
नगर निकाय का नामः- **नगर पंचायत, हुसैनाबाद**
राज्यः- **झारखण्ड**

**"सबके लिए पक्का मकान"** के सपनो की शुरूआत **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी** के द्वारा वर्ष 2015 में की गयी। जिसमें सभी को वर्ष 2022 तक उनके पक्के घर के सपने को पुरा करने का लक्ष्य प्रधानमंत्री जी के द्वारा तय किया गया जो की आज पुरा होने को है।

इस योजना के तहत हुसैनाबाद नगर पंचायत के एक व्यक्ति राकेश कुमार पिता अम्बिका राम को भी प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला। राकेश कुमार आज अपने पुराने दिनों को याद करते है तो उनके आँखों में आंसू आ जाते हैं, उनका घर पहले बहुत ही जर्जर अवस्था में था, जिसमें वह अपने बीमार बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी एवं बच्चों के साथ उसी कच्चे मकान में रहते थ। जहाँ धुल मिट्टी और बारिश के पानी में वह कठिन परिस्थितियों में कर गुजर रहे थे। राकेश जी का सपना था कि उनका अपना पक्का मकान हो जहाँ वह अपने परिवार को स्वस्थ्य माहौल में खुशी से रख सके. लेकिन उन दिनों में पक्का का मकान होना उस परिवार के लिए एक सपना ही था जो की पुरा होना असम्भव सा था।

राकेश कुमार पेशे से **राजमिस्त्री** हैं, उनकी आमदनी इतनी अच्छी नहीं थी कि वह अपने परिवार का पालन पोषण सही तरीके से कर सके। एक मित्र से जानकारी मिलने पर उन्होंने आवास के लिए नगर पंचायत हुसैनाबाद में आवेदन 2018 में किया था और कुछ समय के बाद उनका यह सपन भी पुरा होने लगा था, क्योंकि नगर पंचायत हुसैनाबाद के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत् उनका चयन हो गया था। नगर पंचायत के सहयोग से प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध होते ही राकेश जी का आवास बनने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी, और नगर पंचायत के माध्यम से उन्हें समय समय पर किस्त की राशि भी मिलती गयी और इस प्रकार उन्होने अपने आवास निमार्ण के सपने को पुरा कर लिया।

आज राकेश जी अपने अपने माता-पिता के प्रती अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर अपने परिवार के साथ PMAY(U) द्वारा निर्मित पक्के आवास में खुश हैं और अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं।उनके जिंदगी में आये इस परिवर्तन के लिए वह सरकार के प्रति अपना आभार प्रकट कर रहे हैं।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री न०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA